भारत-नेपाल सीमा के पास चार युवक गिरफ्तार, भारी मात्रा में नकली करेंसी बरामद

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में भारत-नेपाल सीमा के पास पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है. इन युवकों के पास से 500 के नकली नोटों में कुल 29,000 की फेक करेंसी बरामद की गई है.

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान समीर रहमान (28), आसिफ (21), नितिन (35) और शोएब (28) के रूप में हुई है. इनमें से समीर, आसिफ और शोएब दिल्ली के दरियागंज और चावड़ी बाजार इलाके के निवासी हैं, जबकि नितिन उत्तराखंड के मुनस्यारी से है. एसपी रेखा यादव के अनुसार, एक पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने भारत-नेपाल सीमा के पास एक कार को संदिग्ध स्थिति में खड़ा देखा. तलाशी के दौरान कार में सवार चारों युवकों के पास से नकली करेंसी बरामद की गई. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वो नकली नोटों को भारत और नेपाल के स्थानीय बाजारों में खपाने के इरादे से आए थे.

https://www.aajtak.in/india/uttarakhand/story/four-carrying-counterfeit-currency-held-near-india-nepal-border-lclk-dskc-2209328-2025-04-05